**File No.T-74074/10/2019-WSE DTE**

**The Indian Express- 05- March-2023**

# Making India completely clean responsibility of all: President

**EXPRESS NEWS SERVICE**
NEW DELHI, MARCH 4

OBSERVING THAT about two lakh villages in the country have declared themselves as Open Defecation Free (ODF) plus villages, President Droupadi Murmu Saturday said that making India a "completely clean nation" is not only the responsibility of the government, but the collective responsibility of all citizens.

Addressing an event where she presented the 'Swachh Sujal Shakti Samman 2023', the president said water and sanitation hold a special place in the life of every citizen.

The President highlighted that the issues of water and sanitation affect women the most.

"In villages, they had to walk long distances to get drinking water," she said.

To overcome these problems, the government has taken special measures, she said, adding that the government is providing clean drinking water and sanitation facilities through initiatives like Jal Jeevan Mission and Swachh Bharat Mission.

The President observed that more than 11.3 crore households are getting potable water through tap connection.

On the occasion, Union Jal Shakti Minister Gajendra Singh Shekhawat launched Jal Shakti Abhiyan: Catch the Rain-2023.



**President Droupadi Murmu presents Swachh Sujal Shakti Samman in New Delhi on Saturday. Union ministers Gajendra Singh Shekhawat and Prahlad Singh Patel are seen.** *PTI*

**Deccan Herald- 05- March-2023**

PARCHED BUT NOT PREPARED

# Jal Jeevan mission promises water for all, but state's progress is a mere trickle

## Long way to go in testing, chlorination units, maintenance & community participation

VIJETH BALILA
BENGALURU, DHNS

The number of deaths and people falling sick after drinking contaminated water is increasing across Karnataka, which necessitates a hard look at the Centre's flagship scheme Jal Jeevan Mission (JJM).

A recent survey of the functionality of tap connections under JJM reveals that 42% of the rural households in the state do not have fully functional tap water connections.

Under the mission, with the aim of providing safe and adequate drinking water to all rural households by 2024, the state is still far from being conferred the status of 'Har Ghar Jal' (water connection to each house) status.



A recent survey of the functionality of tap connections under Jal Jeevan mission shows that 42% of the rural households in the state do not have fully functional tap water connections. DH PHOTO

Experts highlight that though the pipelines, borewells and other facilities for water supply have been largely provided to rural areas, efforts for their maintenance and sustainability have taken a backseat, thus bringing the progress of the mission under the scanner.

### No recharge structure

The survey, which took place in February to April last year, states that the majority of the villages (67%) in Karnataka get their water from groundwater sources, but alarmingly only 5% of them have a recharge structure.

"When the groundwater level goes down in summer, water may turn toxic as the density of chemicals increases. With less number of testing facilities available across the state, the health of rural people is at grave risk," says K P Suresh, a consultant on rural development.

As much as 68% of the water samples tested didn't have residual chlorine which is necessary to protect water from contaminants and only 6% of the villages reported availability of a chlorination mechanism.

### Uranium contamination

Union Jal Shakti Minister Gajendra Singh Shekhawat, in March last year, had expressed concerns over uranium contamination of water in some villages of Karnataka and directed the state government to address the issue.

The condition of district laboratories for water testing is disquieting. The report finds that labs in all 30 districts "did not have capacity to test more than 20-30 numbers of samples and had issues of human resource, regents, etc".

Only 28% of households reported that their tap water was tested in the last one year and in districts such as Bengaluru Rural, Kodagu, Kolar and Udupi, not a single sample was tested.

### No trained staff

As much as 47% of villages do not have pump operators trained to use field test kits for testing the quality of water on-site.

As the Jal Jeevan mission is based on a community approach to water and includes extensive education and communication as a key component, the presence of village water and sanitation committees (VWSCs) or Pani Samithis in every village is important.

But only 35% of villages have these committees, out of which only 16% currently manage the operation and maintenance of water supply.

A sizeable 56% of the villages do not have the skilled manpower for operation and maintenance of water schemes.

"This abysmal number shows the authorities are quite far from achieving the objective of promoting and ensuring voluntary ownership of the scheme by the local community and the initiative to mobilise the community is lagging. The report hides more than it reveals," says Suresh.

### Alternative facilities

As much as 34% of households face water scarcity at any time of the year. Among them, 66% do not have alternative water facilities to fall back on.

"The government has spent huge money on drinking water schemes to build infrastructure such as pipelines, reverse osmosis (RO) plants, tanks etc. However, no action is being taken to make the infrastructure sustainable," says Anjaneya Reddy, a water activist."

### 'Har Ghar Jal' status

"Karnataka will likely be in a position to be declared 'Har Ghar Jal' state by December 2024," an official from Jal Jeevan mission told *DH*, preferring anonymity.

On the condition of district labs, he said that a total of 80 labs are being accredited by National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories for checking water quality. "Recharging defunct borewells, rainwater harvesting and grey water recycling activities are being converged with MGNREGA and small water body rejuvenation activities are taking place. Training and capacity-building activities are also being taken up for various panchayat officials and VWSCs," he added.

**Amar Ujala- 05- March-2023**

# महिलाओं के योगदान के बिना जल संरक्षण और प्रबंधन संभव नहीं : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने कहा, आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण जरूरी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, जल अभियान को सफल बनाने में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, क्योंकि देश में स्वच्छता अभियान स्वच्छ पेयजल जैसी रोजमर्रा जनमानस से जुड़ी देशव्यापी योजनाएं सीधेतौर पर महिलाओं को प्रभावित करती हैं। ऐसे में इन योजनाओं में महिला शक्ति की भूमिका अहम हो जाती है। इसलिए नारी शक्ति के बिना जल संरक्षण और प्रबंधन संभव नहीं है।

राष्ट्रपति मुर्मू दिल्ली के विज्ञान भवन में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने जल संरक्षण में जुटीं महिलाओं को उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। इसके तहत उन्होंने दो श्रेणियों में 18-18 पुरस्कार प्रदान किए। इसमें राष्ट्रपति ने जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और जल शक्ति अभियान से जुड़ीं 18 महिलाओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा, प्रत्येक नागरिक के जीवन में जल और स्वच्छता का विशेष स्थान है। किंतु जल शक्ति अभियान केंद्र ने महिलाओं खासतौर पर ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए शुरू किया था। इसके तहत देश में जल अभियान को सफल बनाने के लिए वर्षा जल संरक्षण से लेकर जल जीवन मिशन सरीखी तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा जल अभियान को सफल बनाने में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने से उन्हें न केवल और दक्षता से काम करने की प्रेरणा मिलेगी।



पेयजल स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। एजेंसी

**इन्हें मिला सम्मान :** पुरस्कार पाने वालों में उत्तर प्रदेश की नीलम देवी, शारदा देवी, उत्तराखंड की कविता देवी, निकिता चौहान, पंजाब की हरजिंदर कौर, बिहार की बबीता गुप्ता, गोवा की रसिका आर खांड पार्कर, ओडिशा की सलिला जैना, झारखंड की मुन्नी देवी, पार्वती देवी, मध्यप्रदेश की जल सखी अनिता चौधरी, राजस्थान की गायत्री देवी, हिमाचल की धर्मो देवी और तमिलनाडु की के आशा को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया।

**Jansatta- 05- March-2023**

शोध

## कई एशियाई देशों के महानगर भी डूब सकते हैं

# बढ़ते समुद्र स्तर से चेन्नई-कोलकाता को खतरा

वाशिंगटन, 4 मार्च (भाषा)।


नए शोध में यह बात सामने आई है कि इस सदी में समुद्र का स्तर बढ़ने से कुछ एशियाई महानगरों के साथ-साथ पश्चिमी उष्ण कटिबंधीय प्रशांत द्वीप समूह और पश्चिमी हिंद महासागर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शोध दल ने कई एशियाई महानगरों की पहचान की, जो ग्रीनहाउस गैसों का उच्चस्तरीय उत्सर्जन जारी रहने की सूरत में साल 2100 तक विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर सकते हैं। इन महानगरों में चेन्नई, कोलकाता, यांगून, बैंकाक, हो ची मिन्ह सिटी और मनीला शामिल हैं। अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र स्तर में अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक उतार-चढ़ाव की पड़ताल की गई है। अध्ययन में दुनिया भर में समुद्र के स्तर के जोखिम वाले क्षेत्रों का मानचित्रण करके प्रभावों के बारे में जानकारी जुटाई गई है। यह अध्ययन 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

दरअसल समुद्र स्तर में वृद्धि के पीछे दो सबसे बड़ी वजह होती हैं, पहली तापीय विस्तार और दूसरी बर्फ पिघलना। वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि समुद्र का तापमान बढ़ने से इसका स्तर बढ़ता है। ऐसा इसलिए क्योंकि पानी गर्म होने पर फैलता है। वहीं, दूसरे कारक और बर्फ पिघलने (जैसे ग्लेशियर, भूमि-आधारित, बर्फ की चादरें, और समुद्री बर्फ) के योगदान में वृद्धि के कारण।

बर्फ की परतें पिघलने से महासागरों में अधिक पानी आता है। विभिन्न अध्ययनों में यह संकेत भी मिला है कि समुद्र स्तर में वृद्धि क्षेत्रीय रूप से भिन्न-भिन्न होगी, क्योंकि समुद्र की धाराओं में बदलाव से उत्तर-पूर्वी अमेरिका समेत कुछ समुद्र तटों पर अधिक पानी होने की आशंका होगी।

**एक** नए अध्ययन में हुआ खुलासा-शोध-अध्ययन में जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र स्तर में अनुमानित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक उतार-चढ़ाव की पड़ताल की गई है। अध्ययन में दुनिया भर में समुद्र के स्तर के जोखिम वाले क्षेत्रों का मानचित्रण करके प्रभावों के बारे में जानकारी जुटाई गई है।



**Punjab Kesri- 05- March-2023**

# जल प्रबंधन के लिए आधुनिक और परंपरागत तरीके अपनाने होंगे : राष्ट्रपति

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) जल संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को स्थायी जल आपूर्ति के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने के साथ-साथ पारंपरिक तरीकों को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने एक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023' प्रदान किया और 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन-2023' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि पानी और स्वच्छता हर नागरिक के जीवन में एक विशेष स्थान रखता है लेकिन ये मुद्दे महिलाओं को सबसे अधिक प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में अपने घरों में पीने के पानी की व्यवस्था करना महिलाओं की जिम्मेदारी है। मुर्मू ने कहा कि गांवों में उन्हें पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और पीने के पानी की व्यवस्था करने में न केवल उनका बहुत समय लगता है बल्कि उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य भी खतरे में पड़ जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आमतौर पर स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियां भी अपने बड़ों के साथ पानी की व्यवस्था करने में लगी रहती हैं, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में मुर्मू को उद्धृत करते हुए कहा गया कि इन समस्याओं को दूर करने के लिए, सरकार ने विशेष उपाय किए हैं और जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसी पहलों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल व स्वच्छता सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज 11.3 करोड़ से अधिक घरों में नल से पीने योग्य पानी मिल रहा है। मुर्मू ने कहा कि महिलाएं, जो पहले पानी लाने में समय बिताती थीं, अब उस समय का उपयोग अन्य उत्पादक कार्यों में कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नल के पानी ने उन शिशुओं के स्वास्थ्य में भी महत्वपूर्ण सुधार दिखाया है जो प्रदूषित पानी के कारण डायरिया और पेचिश जैसी जल जनित बीमारियों से ग्रसित हो जाते थे।



Rashtriya Sahara- 05- March-2023

# जल शक्ति की सफलता नारी बिना संभव नहीं

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश में स्वच्छता अभियान तथा स्वच्छ पेयजल जैसी जनमानस से जुड़ी देशव्यापी योजनाओं की सफलता में देश की महिला शक्ति की भूमिका अहम है इसलिए नारी शक्ति के बिना जलशक्ति की सफलता की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित जल शक्ति मंत्रालय के 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान जल शक्ति अभियान-कैच द रेन' कार्यक्रम में देश में जल अभियान को सफल बनाने में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का आधार नारी शक्ति है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना इस कार्यक्रम की सफलता की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जल संकट होता है तो इसमें सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। खासकर पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में महिलाएं इस समस्या से जूझती हैं और परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करती है जिसमें उनका बहुत अधिक समय बर्बाद हो जाता है। जल संक्रमण को एक बड़ी समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे कई तरह की बीमारियां पैदा होती है।

दूषित जल से जो समस्याएं पैदा होती हैं उससे कई तरह के संकट खड़े होते हैं इसलिए जल संक्रमण से बचाव का एकमात्र तरीका घर-घर स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है। राष्ट्रपति ने कहा "

- राष्ट्रपति ने कहा पहाड़ और आदिवासी क्षेत्रों में महिलाएं इस समस्या से जूझती हैं
- संक्रमण से बचाव को घर-घर स्वच्छ जल उपलब्ध कराना जरूरी

जल जीवन का आधार है और इसके बिना जीवन संभव नहीं है। हमारे धर्म ग्रंथों में भी इसका उल्लेख है। यजुर्वेद में जल की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा गया है कि इस धरती पर जीवन प्रदान करने वाला रस जल ही तो है।" उन्होंने कहा," हमारे यहां बड़े स्तर पर शहरीकरण हो रहा है। इससे जल का वितरण भी असमान हो गया। भूजल खत्म हो रहा है।